लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 4051
25 मार्च, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

वस्त्र क्षेत्र में क्षमता निर्माण को बढ़ावा देना

4051. श्री दुरई वाइको:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान तिरुचिरापल्ली और पुदुकोट्टई जिलों में वस्त्र क्षेत्र में क्षमता निर्माण को बढ़ावा देने के लिए स्वीकृत और संवितरित की गई निधि का जिलावार और वर्षवार ब्यौरा क्या है; और

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान तिरुचिरापल्ली और पुदुकोट्टई जिलों में वस्त्र क्षेत्र में क्षमता निर्माण पहल के तहत लाभार्थियों का वर्षवार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वस्त्र राज्य मंत्री
(श्री पबित्र मार्घेरिटा)

(क): समर्थ के तहत राज्यवार निधि का आवंटन नहीं किया गया है। पिछले पांच वर्षों के दौरान संवितरित की गई निधि का ब्यौरा इस प्रकार है- 72.06 करोड़ रुपए (2019-20), 90.70 करोड़ रुपए (2020-21), 85.69 करोड़ रुपए (2021-22), 23.27 करोड़ रुपए (2022-23) तथा 114.99 करोड़ रुपए (2023-24)।

(ख): पिछले पांच वर्षों के दौरान तिरुचिरापल्ली और पुदुकोट्टई जिलों में वस्त्र क्षेत्र में समर्थ के तहत प्रशिक्षित (उत्तीर्ण) लाभार्थियों का ब्यौरा इस प्रकार है- शून्य (2019-20), 14 (2020-21), 52 (2021-22), 558 (2022-23) तथा 748 (2023-24)।

****